PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Amar Ujala, Delhi
Thursday 5th November 2015, Page: 13
Width: 4.23 cms, Height: 14.77 cms, a4, Ref: pmin.2015-11-05.53.87

# दवाओं के दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए सतर्कता जरूरी : नड्डा

नई दिल्ली (ब्यूरो)। देश में दवाओं के प्रतिकूल प्रभावों पर निगरानी के लिए स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सतर्कता बरतने (फार्माकोविजिलेंस) के महत्व पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि देश में दवाओं की खरीदारी और उनके सेवन का जो तरीका अपनाया जाता है उसे देखते हुए दवाओं की निगरानी और उनकी गुणवत्ता पर ध्यान देना जरूरी है।

नेशनल फार्माकोविजिलेंस सेंटर के 38वें वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दवाओं के सेवन के तरीकों में बदलाव होना जरूरी है। किसी भी देश में दवाओं की सुरक्षा और लोगों में उसके प्रति जागरूकता होना काफी महत्वपूर्ण होता है। यह स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र, नियामक और फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए प्रमुख चुनौती भी है। दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा, उत्पादों की शुद्धता का ध्यान रखना देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत स्वास्थ्य सेवा के मुद्दे पर दूसरे देशों के साथ बेहतर संबंध बनाने और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

Surveillance of Adverse Drug Reactions to monitor side effects of drugs.

Govt/Regulatory